Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में तहसील कार्यालय नदबई के तहसीलदार निवास पर नदबई के तहसीलदार विनोद कुमार मीना 80,000/- रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।**

जयपुर, 20 सितम्बर, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए तहसील नदबई के तहसीलदार विनोद कुमार मीना जिला भरतपुर को तहसील नदबई में **80,000/- रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की जमीन का आर.ए.ए. कोर्ट भरतपुर से स्टे हटने के बाद म्यूटेशन खोलने की एवज में आरोपी 80,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज भरतपुर के **उप महानिरीक्षक श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी भरतपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के नेतृत्व में आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी तहसील नदबई के तहसीलदार विनोद कुमार मीना जिला भरतपुर को **80,000/- रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।